राजधानी •
वर्ष 18 | अंक 140 | पृष्ठ : 12+4
मूल्य : तीन रुपये
6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

नई दिल्ली
शनिवार, 29 अगस्त 2020

सुप्रीम फैसला अंतिम वर्ष के छात्रों को बिना इम्तिहान नहीं मिलेगी डिग्री

गौड़ सिटी सेंटर के 1600 खरीदारों को पजेशन मिलना शुरू

ग्रेटर नोएडा। गौड़ ग्रुप ने ग्रेनो वेस्ट के एंट्री प्वाइंट गौड़ चौक स्थित गौड़ सिटी सेंटर में खरीदारों को पजेशन देना शुरू कर दिया है। गौड़ सिटी सेंटर एक मल्टी स्टोरी हाई स्ट्रीट शॉपिंग डेस्टिनेशन है, जो गौड़ सिटी टाउनशिप का भाग है। सेंटर के अंतर्गत स्कूल, गौड़ सिटी मॉल, मल्टी लेवल पार्किंग, पेट्रोल पंप और हॉस्पिटल प्लाट शामिल हैं।

टाउनशिप के 237 एकड़ क्षेत्र के 25 एकड़ के कमर्शियल हब में गौड़ सिटी सेंटर को कुल 12 लाख स्क्वायर फीट के बिल्ट-अप एरिया में बनाया गया है। हैंडओवर प्रक्रिया में लोअर ग्राउंड फ्लोर से लेकर दूसरे फ्लोर तक के 1600 दुकानों को सौंपना शुरू किया गया है। गौड़ ग्रुप के एमडी मनोज गौड़ ने बताया कि हमारा लक्ष्य हमेशा से ही खरीदारों को समय से पजेशन देना रहा है। उन्होंने बताया कि गौड़ सिटी में लगभग 25,000 से अधिक परिवार रहते हैं। इन लोगों के लिए गौड़ सिटी मॉल और गौड़ सिटी सेंटर बिल्कुल पास है, जिससे उन्हें शापिंग में आसानी होगी।